आधुनिक मशीनों का कर रहे इस्तेमाल

भोजशाला में सर्वे का सातवां दिन

हिंदू मुस्लिम दोनों पक्ष कर रहे सुखद परिणाम आने के दावे

नवभारत न्यूज

धार. उच्च न्यायालय के आदेश पर भोजशाला में सर्वे शुरू किया गया है. पिछले गुरुवार से सर्वे शुरू हुआ था आज 7 दिन पूर्ण हो चुके हैं. इन सात दिनों में पुरातत्व विभाग की टीम ने अलग-अलग स्तर पर सर्वे किया.

चार टीम बनाकर सर्वे किया गया पूर्व में पिलर खंभे एवं दीवारों का सर्वे किया गया. ज्ञात हो कि आधुनिक मशीनों से सर्वे किया जा रहा है. इन सात दिनों में पुरातत्व विभाग की सर्वे टीम को कई अहम सुराग मिले हैं.

गुरुवार को 7वें दिन टीम सुबह 8 बजे सर्वे के लिए भोजशाला पहुंची और करीब साढ़े 8 घंटे तक काम किया. शाम 4.30 बजे टीम बाहर आ गई। टीम ने आज नींव पता करने को लेकर काम किया. इसी कड़ी में गर्भगृह के पिछले हिस्से में खोदे गए गड्ढे की चौड़ाई बढ़ाई जा रही हैं, ताकि मुख्य भवन की नींव तक पहुंचा जा सके. भोजशाला में अब कुछ स्थानों पर खुदाई कर सर्वे किया जा रहा है. सूत्रों की माने तो गहरी खुदाई की जा रही है. वहीं सर्वे टीम के साथ भोजशाला में जाने वाले हिंदू पक्ष एवं मुस्लिम पक्ष के लोग दोनों ही अपने-अपने पक्ष में सुखद परिणाम आने के दावे कर रहे हैं पूर्व में हिंदू पक्ष द्वारा सुखद परिणाम का दावा किया जा रहा था लेकिन अब मुस्लिम पक्ष से भी यह बयान आया है कि हमारे समाज के लिए सुखद परिणाम आएंगे. हालांकि यह केवल अंदाजा है. हकीकत तो सर्वे रिपोर्ट न्यायालय में पेश करने के बाद न्यायालय द्वारा ही कही जाएगी.

नींव तक पहुंचने पर फोकस

सर्वे में शामिल भोज उत्सव समिति के संयोजक गोपाल शर्मा ने बताया कि 7वें दिन का काम पूरा हो चुका है. भोजशाला में पीछे की ओर खुदाई की गई थी, उसे ही आगे बढ़ाया जा रहा है. नींव तक पहुंचने पर टीम का पूरा फोकस है. इसी कारण गड्ढे की अब चौड़ाई बढ़ाई जा रही है. आज भोजशाला की छत पर भी जांच हुई है. भोजशाला के पीछे की ओर कुछ नए स्थान को पाइंट आउट किया गया है. आज दो नए लोग एएसआई की टीम में आए हैं, वह अलग विधाओं के जानकार हैं. जिन विधाओं के जानकार हैं, वह उपकरण भी लेकर आए हैं.

विवादित बोल : विधायक पर हुई एफआईआर

झाबुआ. थांदला के कांग्रेस विधायक पर एफआईआर दर्ज हुई है, जिसमें मेघनगर तहसीलदार द्वारा मामले को आचार संहिता का उल्लंघन माना, जिसके बाद धारा 188 आईपीसी के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है. बुधवार को थांदला के कांग्रेस विधायक वीरसिंह भूरिया पर काकनवानी थाने में आचार संहिता उल्लंघन के एक मामले में एफआईआर दर्ज हुई है. यह एफआईआर मेघनगर तहसीलदार विजेंद्र कटारे के आवेदन पर दर्ज की गई है. बता दें कि बुधवार को सोशल मीडिया पर विधायक वीरसिंह भूरिया का विवादित बोल वाला वीडियो जमकर वायरल हुआ था, जिसमें विधायक भूरिया भाजपा प्रत्याशी को अपशब्द बोल रहे थे, मामला गरमाने के बाद और भाजपा नेताओं के सक्रिय होने के बाद विधायक भूरिया ने अपनी बयानबाजी पर प्रेसवार्ता कर अपनी सफाई भी दी थी और वीडियो के साथ छेड़खानी होने की बात भी कही थी.

कटरा-चेन्नई में लगेगा एसी थर्ड का अतिरिक्त कोच

भोपाल. श्री माता वैष्णोदेवी कटरा-चेन्नई सेण्ट्रल-श्रीमाता वैष्णोदेवी कटरा एक्सप्रेस में एसी थर्ड श्रेणी का एक अतिरिक्त कोच अस्थायी रूप से लगाने का निर्णय लिया गया है. यह अतिरिक्त कोच ट्रेन 16031 चेन्नई-श्रीमाता वैष्णो देवी कटरा एक्सप्रेस में 31 मार्च तथा 16032 श्री माता वैष्णो देवी कटरा-चेन्नई में 02 अप्रैल को प्रारंभिक स्टेशन से गन्तव्य के लिए लगाया जाएगा.

गेहूं नहीं खरीदने से नाराज किसानों का चक्काजाम

- अमानक बताने का लगाया आरोप
- अधिकारियों की समझाइश के बाद किया खत्म

नवभारत न्यूज

शाजापुर. जिले के ग्राम अभयपुर में किसानों द्वारा समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी केंद्र पर नारेबाजी करते हुए आगरा मुंबई राष्ट्रीय राजमार्ग पर चक्का जाम कर दिया. किसानों का आरोप था गेहूं खरीदी के दौरान किसानों का गेहूं का अमानक स्तर का बताकर नहीं खरीदा जा रहा.

किसानों के चक्काजाम की जानकारी लगते ही मौके पर एसडीएम, तहसीलदार, जिला खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारी एवं सुनेरा टी आई पुलिस बल के साथ पहुंचे. किसानों को समझाइश देकर चक्का जाम समाप्त करवाया गया. दो घंटे से अधिक समय तक खरीदी नहीं हो सकी. एसडीएम मनीषा वास्कले,तहसीलदार मधु नायक और जिला खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारी देवेन्द्र शर्मा ने किसानों से बातचीत कर समस्या का समाधान किया, अब चलना लगाकर गेहूं में से मिट्टी और कुस्सी को निकाला जाएगा और उस माल की समर्थन मूल्य पर खरीदी होंगी.

80 प्रतिशत गेहूं रिजेक्ट किया... वहीं किसानों का आरोप है बुधवार शाम से गेहूं से भरी ट्रैक्टर ट्रालियां यहां खड़ी हुई है. केंद्र पर पदस्थ कर्मचारीयों द्वारा 80 प्रतिशत गेहूं रिजेक्ट किया जा रहा है. जिसके कारण हमने विरोध प्रदर्शन किया और खरीदी बंद करवाई. अधिकारियों द्वारा कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया जा रहा है. अधिकारियों ने एक एक गेहूं को देखा और हमारा गेहूं अमानक स्तर का बताया जा रहा है. दो घंटे बाद किसानों की समस्या का समाधान हो सका. दो घंटे तक किसानों के विरोध प्रदर्शन के बाद चलना लगाकर गेहूं खरीदें जाने पर सहमति बनी.

मिट्टी और कचरा होने पर नहीं खरीदा माल

केंद्र के प्रभारी ने अधिकारियों को बताया जिन किसानों के माल में मिट्टी और कुस्सी ज्यादा है उनका माल अमानक होने पर नहीं खरीदा जा रहा. मानक स्तर का गेहूं खरीदा जा रहा है. अधिकारियों द्वारा अमानक स्तर के गेहूं को परीक्षण करवा कर देखा भी गया.

जंगल में लगी आग

निमाड़ क्षेत्र में बढ़ने लगा गर्मी का प्रकोप

- वन अमला हुआ सक्रिय आग बुझाने का काम चालू
- आग लगने के कारणों का पता लगा रहा वन अमला

नवभारत न्यूज

धामनोद. फोरेलेन के गणेश घाट क्षेत्र में बुधवार देर रात्रि में जंगल क्षेत्र को आग ने अपनी चपेट में ले लिया. आग लगने की सूचना राहगीरों ने वन विभाग को दी. इसके बाद वन अमला तुरन्त मौके पर पहुंचा. देर रात्रि में आग बुझाने का काम शरु किया गया. अल सुबह तक आग पर काबू पा लिया गया था.

धामनोद वन परिक्षेत्र अमले ने बताया कि आग लगने के कई कारण हो सकते हैं. उन्होंने बताया कि वन परिक्षेत्र के रहवासी हाथ भट्टी से महुआ की शराब बनाते है और आग को बुझाते नहीं ऐसे ही छोड़कर चले जाते हैं. ऐसे में तेज हवाओं से आग सुखे पत्तों में आग लग जाती है. और धीरे-धीरे पूरे जंगल क्षेत्र को अपने आगोश में समा लेती है. वहीं दूसरा कारण जंगल क्षेत्र में लगे विद्युत पोल भी हो सकते हैं जिनके कारण तेज हवाओं के चलते तारों के आपस में टकराने से चिनगारी निकलने से पत्तों में आग लगना. वहीं निमाड़ क्षेत्र में इन दिनों गरमी भी अपने तिखे तेवर दिखा रही है. सूचना मिलने के बाद से ही वन अमला पुरी तरह से मौके पर मौजूद है. वहीं वन समितियों के द्वारा ग्रामीणों को जंगल क्षेत्र में जाने से रोका जा रहा है. फिलहाल किसी प्रकार की जनहानि के कोई समाचार नहीं मिले हैं. साथ ही अमला वहाँ अभी भी मुस्तैद है आग बुझाने के बाद भी गरमी के तेवरों को देखते हुए कहीं फिर से आग सुलग ना जाये इसपर अमला पूरी तरह से नजर बनाये हुए है.

क्या कहना है इनका -

मप्र वन विभाग सभी वन क्षेत्रों के लिये उपग्रह आधारित जीपीएस फायर अलर्ट मैसेजिंग सिस्टम की सहायता से सभी क्षेत्रीय कर्मचारियों किसी वन क्षेत्र में आग लगने पर तत्काल फायर अलर्ट मैसेज जाता है. आग लगने की सूचना तुरन्त हमें मिल गई थी. सूचना मिलते ही पूरा अमला रात भर मुस्तैदी के साथ मौके पर आग बुझाने का काम करता रहा. अल सुबह तक आग पर काबू पा लिया गया था. बावजूद इसके गरमी का तेज प्रकोप है इसलिए अमले को निगरानी रखने को कहा हुआ है.

विवेकसिंह पटेल, वन परिक्षेत्र अधिकरी धामनोद

रामलखन समेत 32 भाजपा में शामिल

मुख्यमंत्री एवं प्रदेश अध्यक्ष ने अंगवस्त्र पहनाकर किया पार्टी में स्वागत

नवभारत प्रतिनिधि

भोपाल, 28 मार्च. बसपा के राष्ट्रीय स्टार प्रचारक व भिण्ड के पूर्व सांसद रामलखन सिंह, कांग्रेस के पाटन से पूर्व विधायक पं. नीलेश अवस्थी, खरगापुर के पूर्व विधायक अजय यादव, मध्यप्रदेश लीगल सेल कांग्रेस के प्रदेश प्रमुख अधिवक्ता सत्येन्द्र ज्योतिषी समेत 32 से अधिक जनप्रतिनिधियों ने गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की.

इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा और यू ज्वॉइनिंग टोली के प्रदेश संयोजक डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने अंगवस्त्र पहनाकर उनका स्वागत किया. इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने वाले नेताओं का स्वागत करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा का परिवार निरंतर बढ़ रहा है. पार्टी की विचारधारा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों से प्रभावित होकर सभी पार्टी में शामिल हुए हैं. हम सब मिलकर पीएम के नेतृत्व में क्षेत्रों में काम करेंगे. भाजपा सबके मान-सम्मान और स्वाभिमान का पूरा सम्मान करती है.

भाजपा के प्रति विश्वास बढ़ रहा है : शर्मा

पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के प्रति हर व्यक्ति का विश्वास बढ़ा है. विभिन्न समाज के गणमान्यजन बड़ी संख्या में पार्टी से जुड़े रहे हैं. भाजपा एक परिवार है. सभी इस परिवार के अभिन्न सदस्य बनकर काम करेंगे. यह अभियान देश को सर्वश्रेष्ठ बनाने और मध्यप्रदेश की सभी 29 लोकसभा सीटों पर ऐतिहासिक विजय प्राप्त कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए है .इस अवसर पर पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष चौधरी मुकेश सिंह चतुर्वेदी, प्रदेश महामंत्री व विधायक भगवानदास सबनानी, पूर्व मंत्री व विधायक संजय पाठक, पार्टी के वरिष्ठ नेता विनोद गोटिया, प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल एवं पूर्व विधायक साधना स्थापक सहित पार्टी पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे.

ये भी हुए शामिल

भाजपा में शामिल होने वालों में जबलपुर पाटन पूर्व जनपद अध्यक्ष पं. शैलेष अवस्थी, पार्टी ब्लॉक अध्यक्ष बृजभान सिंह यादव, मध्यप्रदेश लीगल सेल कांग्रेस के प्रदेश संगठन सचिव अधिवक्ता विकास मिश्रा, अधिवक्ता सौरभ व्यास, अधिवक्ता अक्षय गौतम, जिला युवा कांग्रेस के महासचिव चंद्र प्रकाश शर्मा, कांग्रेस के जनपद सदस्य, पार्षद एवं सरपंच आदि शामिल है.

रिश्वत लेते धराया पटवारी

लोकायुक्त ने सिरोंज में की कार्रवाई

नवभारत न्यूज

विदिशा. 28 मार्च. लोकायुक्त भोपाल से आई टीम ने गुरुवार को विदिशा जिले के सिरोंज के एक पटवारी विकास जैन हल्का 55. निवासी वार्ड नंबर 10 नयापुरा सिरोंज को आवेदक रामप्रसाद कुशवाह निवासी ग्राम पारधा से 10 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए पकड़ा.

लोकायुक्त दल ने यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक मनु व्यास के मार्गदर्शन में की. उन्हें रामप्रसाद ने शिकायत की थी कि पटवारी विकास जैन से रामप्रसाद ने अपने समधी मथरालाल की खेती की जमीन के रकबा को सुधारने के लिए बात की, तो पटवारी ने 10 हजार रुपयों की रिश्वत मांगी. मथरालाल को यही पटवारी पिछले एक साल से घुमा रहा था.,बिना रिश्वत लिए काम करने तैयार नहीं था. मथरालाल के पैर में चोट होने से उसे दर्द होता है, तब उसने अपने समधी रामप्रसाद को पटवारी से काम करवाने कहा था. इस काम के लिए ही पटवारी विकास जैन पुत्र स्व. सतीश कुमार जैन 39, ने 10 हजार रुपयों की रिश्वत मांगी और होली के बाद यह राशि लेकर आना तय किया था. पटवारी ने अपने शासकीय कार्यों के लिए दिल्ली दरवाजा मोहल्ले में एक प्राइवेट कक्ष ले रखा है. इसी कक्ष में रामप्रसाद से पटवारी ने 10 हजार रुपए लिए. पटवारी के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत कार्यवाही की गई है. भोपाल की टीम में इंस्पेक्टर रजनी तिवारी, नीलम पटवा, प्रधान आरक्षक राजेंद्र पावन, मुकेश सिंह, मुकेश पटेल, अवध बाथवी, संदीप सिंह शामिल थे.

सिंधिया के खिलाफ कांग्रेस से लड़ेंगे यादवेंद्र

पिता रह चुके हैं बीजेपी विधायक

ग्वालियर. गुना लोकसभा सीट से कांग्रेस ने राव यादवेंद्र सिंह को मैदान में उतारा है. गुना सूबे की हाईप्रोफाइल सीट बनी हुई है, क्योंकि बीजेपी के टिकट पर ज्योतिरादित्य सिंधिया यहां से चुनाव लड़ रहे हैं, लेकिन अब कांग्रेस की तरफ से प्रत्याशी का ऐलान कर दिया गया है. यहां से राव यादवेंद्र सिंह का नाम सामने आया है.

राव यादवेंद्र सिंह पिछले साल तक बीजेपी में ही थे, लेकिन 2023 के विधानसभा चुनाव से पहले वह कांग्रेस में शामिल हो गए थे. उनके स्वर्गीय पिता देशराज सिंह यादव भी बीजेपी के विधायक रह चुके हैं. अशोकनगर जिले में यादव परिवार का अच्छा दबदबा माना जाता है. उनके परिवार के 6 लोग राजनीति में सक्रिय हैं. यादवेंद्र सिंह खुद जिला पंचायत सदस्य हैं, जबकि उनकी पत्नी जनपद सदस्य, भाई जिला पंचायत सदस्य और मां भी जनपद सदस्य हैं. यादवेंद्र सिंह के पिता भी दो बार गुना लोकसभा सीट से सिंधिया के खिलाफ चुनाव लड़ चुके हैं.

कांग्रेस को सनातन धर्म में ही दिखती है बुराइयां

सागर क्लस्टर प्रभारी व पूर्व मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने कार्यकर्ताओं की ली बैठक

विदिशा. यह लोकसभा चुनाव देश की दिशा और दशा को तय करने वाला चुनाव है. भाजपा 2047 तक भारत को विश्व गुरू बनाने कार्य कर रही है. यह तभी संभव है, जब देश में ऐतिहासिक बहुमत के साथ भाजपा की सरकार बने और नरेन्द्र मोदी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनें.

यह आह्वान सागर क्लस्टर प्रभारी व पूर्व मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने गुरूवार को सागर लोकसभा के शमशाबाद स्थित आरएम गार्डन में कार्यकर्ता बैठक में किया. उन्होंने कहा कि हमारा मुकाबला राष्ट्र विरोधियों से है. कांग्रेस सनातन विरोधी विचारधारा रखती है. कांग्रेस ने भगवान श्री राम के अस्तित्व पर ही सवाल उठाए थे और रामलला के प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण ठुकराकर देश की जनता का अपमान किया है. कांग्रेस को केवल सनातन धर्म में ही बुराइयां दिखती है. डॉ. मिश्रा ने कहा कि मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार में देश की सीमाएं पूरी तरह से सुरक्षित हैं. हमें बूथ पर 370 वोट बढाने और भाजपा गठबंधन को 370 से अधिक लोकसभा सीटों पर विजय प्राप्त करने का लक्ष्य दिया गया है, आप सभी कार्यकर्ता नए मतदाताओं को पार्टी से जोड़ने का कार्य करें. राहुल गांधी विदेश में जाकर पाकिस्तान और चीन की तारीफ करते है और देश के लोकतंत्र पर उंगली उठाते हैं. अब जनता से वोट मांगने का अधिकार खो चुके हैं.

सम्मेलन | केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने शिवपुरी के रावत समाज सम्मेलन में कहा

मोदी को तीसरी बार पीएम बनाने करें मतदान : ज्योतिरादित्य सिंधिया

नवभारत न्यूज

शिवपुरी, 28 मार्च. मेरा और मेरे परिवार का रावत समाज से पारिवारिक संबंध है. मैं आप लोगों के बीच आकर खुद को सौभाग्यशाली समझता हूं. रावत समाज ने मां भारती की बहुत सेवा की है.

इस समाज ने भूमि को अपने खून और पसीने से सींचा है. यह समाज वीरता और बलिदान का प्रतीक है. रावत समाज ने मराठाओं के साथ मिलकर मुगलों से युद्ध लड़े और मुगलों को परास्त किया. आज समाज सेवा, शिक्षा, कृषि के साथ रावत समाज के युवा सैनिक बनकर देश की सेवा कर रहे हैं. यह बात केंद्रीय मंत्री व गुना लोकसभा क्षेत्र से पार्टी प्रत्याशी ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शिवपुरी के पडोरा में रावत समाज सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा.

सिंधिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अबकी बार 400 पार का नारा दिया है. उनके नेतृत्व में भाजपा सरकार ने जम्मू-कश्मीर से धारा 370 को हटाया. धारा 370 हटाने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने बलिदान दे दिया. अब हमें नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने हर बूथ पर 370 वोट बढ़ाना है. पीएम के नेतृत्व में गरीब कल्याण की अनेकों योजनाएं चलाई जा रही हैं. 500 साल बाद अयोध्या में भगवान श्रीराम ने होली मनाई. 25 मार्च को हम सबने होली मनाई है, लेकिन 4 जून को लोकसभा का परिणाम आएगा और भाजपा के ऐतिहासिक विजय पर एक बार हम सब मिलकर फिर होली मनाएंगे.

क्षेत्र के विकास के लिए सड़कों का जाल बिछाया

केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने कहा कि शिवपुरी और अशोक नगर के विकास के लिए लगातार कार्य किया है. अशोक नगर और शिवपुरी में सड़कों का जाल बिछाने के साथ लोगों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने के लिए भाजपा सरकार लगातार कार्य कर रही है. आप लोगों ने जो कार्य करने के लिए कहा, मैंने उसे समय पर पूरा किया, जो कार्य आप लोगों ने नहीं कहा, लेकिन क्षेत्र के विकास के लिए जरूरी था, वह कार्य भी मैंने और भाजपा सरकार ने इस क्षेत्र में किए हैं. आगामी 7 मई को आप लोगों को संग्राम करना है. यह नए जमाने का युद्ध है, जिसमें तलवार नहीं ईवीएम का बटन दबाना है और विरोधियों को परास्त करना है। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री रणवीर सिंह रावत, विधायक सरला रावत, श्री सीताराम रावत पढोरा, चंदन सिंह पटेल, रामस्वरूप, भारत सिंह, मुन्ना लाल रावत, धर्मवीर रावत, लक्ष्मण सिंह रावत, गोपी राम रावत, यशपाल रावत, श्री मुरारी मीना, इंदर मीना, सीताराम रावत, देवेंद्र जैन आदि उपस्थित रहे.

गैर के लिए बिजली कंपनी की तैयारी

इंदौर। शहर की परंपरागत रंग पंचमी 30 मार्च की विशेष गैर के लिए मप्र पश्चिम क्षेत्र शहर वृत्त की टीम ने प्रभावी तैयारी की हैं। शहर अधीक्षण यंत्री श्री मनोज शर्मा ने बताया कि नगर निगम के अधिकारियों के साथ टोरी कार्नर, मल्हारगंज से लेकर राजबाड़ा, कृष्णपुरा तक के गैर मार्ग का निरीक्षण किया गया है। अधीक्षण यंत्री ने बताया कि मार्ग पर केबल व तार पर्याप्त व सुरक्षात्मक ऊंचाई पर हैं। उन्होंने बताया कि कार्यपालन यंत्री पश्चिम संभाग श्री रामलखन धाकड़ के नेतृत्व में सुभाष चौक जोन पर बिजली कंपनी का अस्थाई कंट्रोल रूम वायरलैस सेटों के साथ कार्यरत रहेगा। विभिन्न ट्रांसफार्मरों के पास बिजली कर्मचारी तैनात रहेंगे। सुबह से शाम तक गैर जिस लोकेशन से गुजरेगी, एक के बाद एक संबंधित क्षेत्र के ट्रांसफार्मर से सुरक्षा कारणों से बिजली बंद रखी जाएगी। तीन ग्रिडों पर भी विशेष रूप से बिजली कंपनी की टीमें तैनात रहेगी।

पश्चिम रेलवे

निर्माण कार्य

उप मुख्य अभियंता (निर्माण) II, पश्चिम रेलवे, इंदौर ई-निविदा **ई-निविदा सूचना सं. IND/DINL/डीवाई सीई/सी/11/126** आमंत्रित करता है। **कार्य का नामः** सुरंग संख्या 1 में तिहीपीथमपुर स्टेशन के बीच जांच, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग सहित ब्रॉड गेज गिट्टी रहित ट्रैक का डिजाइन और निर्माण (सुरंग की लगभग लंबाई 2.967 किमी, लगभग लंबाई) पश्चिम रेलवे की दाहोद से इंदौर नई बीजी लाइन परियोजना के निर्माण के संबंध में अन्य सभी सहायक कार्यों के साथ बीएलटी 3.10 किमी)। **कार्य की अनुमानित लागतः** ₹ 19,74,66,250.62/- **बोली सुरक्षाः** ₹ 11,37,300/- **बोली जमा करने की तिथि और समयः** 23.04.2024 15.00 बजे तक। **तकनीकी बोली खोलने की तिथि और समयः** 23.04.2024 को 15.30 बजे। वेबसाइट विवरण जहां निविदा का पूरा विवरण देखा जा सकता हैः www.ireps.gov.in 1310

हमें लाइक करें : facebook.com/WesternRly

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशुतोष उपाध्याय द्वारा 6/54, फिरोज गांधी प्रेस काम्प्लेक्स, इंदौर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , फिरोज गांधी प्रेस कॉम्प्लेक्स इंदौर से मुद्रित. समूह संपादक क्रांति चतुर्वेदी*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन/फैक्स- 4096718 RNI Reg. No.7390/60